**दिनांक–30 जुलाई, 2015 को विशेष पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित बख्तियारपुर, मोकामा, बाढ़, लखीसराय (काली पहाड़ी–लाली पहाड़ी) एवं लखीसराय (पुरानी बाजार) शहरी पेयजलापूर्ति योजनाओं के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति– संलग्न परिशिष्ट–'क'।

1. **बख्तियारपुर शहरी जलापूर्ति योजना** :– दिनांक–10 अप्रैल, 2015 को इस योजना की समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निम्न निदेश दिये गये थे :–

   (क) योजना अंतर्गत कराये गये कार्यों की अंतिम मापी हेतु नियमानुसार सूचना शीघ्र दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर 15 दिनों के अंदर अंतिम मापी की कार्रवाई निश्चित रूप से पूर्ण करे।

   (ख) तत्पश्चात अवशेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु प्राक्कलन एक पक्ष के अंदर तैयार कराकर सक्षम पदाधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर निविदा आमंत्रण की कार्रवाई करे।

   परन्तु, उपर्युक्त दिये गये निदशों का अनुपालन अब तक क्षत्रीय पदाधिकारियों द्वारा नहीं किये जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं पुनः निदेश दिया गया कि पूर्व की बैठक में दिये गये निदेशों का अनुपालन शीघ्र किया जाय।

   चुंकि इस योजना के कार्यान्वियन हेतु निविदा का निष्पादन क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना के स्तर से हुआ है। अतः योजना के कार्यान्वियन हेतु संवेदक द्वारा सम्पादित एकरारनामा को विखंडित करन एव जमानत की राशि को राज्यसात् करने का दायित्व क्षेत्रीय पदाधिकारियों का है। क्षेत्रीय स्तर से इसका अनुपालन किया जाना नितान्त आवश्यक है।

2. **मोकामा शहरी जलापूर्ति योजना** :– इस योजना की स्वीकृति नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपने ज्ञापांक–120, दि0–23.01.13 द्वारा 1304.15967 लाख रूपये पर दी है। योजना के कार्यान्वियन हेतु कार्यादेश दि0–04.03.14 को 1293.732 लाख रूपये पर निर्गत किया गया है। संवेदक द्वारा एकरारनामा दि0–04.06.14 को किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 18 माह है।

   - नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि 1304.15967 लाख रूपया नगर परिषद, मोकामा को आवंटित किया जा चुका है, परन्तु नगर परिषद, मोकामा द्वारा आवंटित राशि में से 1154.16 लाख रूपया कार्यकारी एजेन्सी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थय प्रमंडल, पटना पूर्व को हस्तांतरित किया गया है। अद्यतन व्यय 756.733 लाख रूपया प्रतिवेदित किया गया है।
   - यह योजना पाँच जोन में बंटी है। प्रावधानित पाँचों नलकूप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। पांचो पपं गृह का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो गया है एवं कार्य प्रगति में है। प्रावधानित विभिन्न ब्यास के 54000 मीटर सी0आई0 पाईप के विरूद्ध 51865 मी0 सी0आई0 पाईप की आपूर्ति की गई है जिसमे से 47834 मी0 पाईप बिछाई जा चुकी है। प्रावधानित तीन जलमीनार निर्माण में दो जलमीनार ( स्थल इंदिरा नगर एवं जिला परिषद परिसर) में कार्य प्रगति में है, जिसमे से एक जलमीनार का कार्य बॉटम रिंग बीम तक एवं दूसरे में ऑफिस रूम तक पूर्ण हो चुका है। दोनों जलमीनार का कार्य अक्टूबर, 2014 तक पूर्ण करने का आश्वासन संवेदक द्वारा दिया गया।

- तीसरे जलमीनार निर्माण हेतु चयनित स्थल मोलदियार टोला में लगभग 10 मी0 मिट्टी भड़ाव होने के कारण इस स्थल पर सुरक्षित जलमीनार निर्माण हेतु तैयार किये गये डिजाईन ड्राइंग को एन0आई0टी0, पटना में भेटिंग हेतु समर्पित होने की सूचना कार्यपालक अभियंता द्वारा दी गई।
- कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि एन0आई0टी0, पटना से इस जलमीनार का शीघ्र डिजाईन एवं ड्राइंग का भेटिंग कराकर क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना से अनुमोदनोपरान्त स्थल पर कार्य प्रारंभ करावे।
- संवेदक द्वारा इस योजना के पॉचो जोन में निम्न समय–सारणी के अनुसार जलापूर्ति चालू करने का आश्वासन दिया गया:–

| क्र0 | जोन | सीधी जलापूर्ति | जलमीनार के साथ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जोन–1 | 15 अगस्त, 2015 | प्रावधान नहीं |
| 2 | जोन–2 | 30 अगस्त, 2015 | प्रावधान नहीं |
| 3 | जोन–4 | 30 अगस्त, 2015 | मार्च, 2016 |
| 4 | जोन–5 | 30 अगस्त, 2015 | 15 अक्टूबर, 2015 |
| 5 | जोन–6 | 15 सितम्बर, 2015 | 31, दिसम्बर, 2015 |

- संवेदक द्वारा बताया गया कि इन्द्रा नगर में प्रावधानित 150 मि0मी0 x 100 मि0मी0 उच्च प्रवाही नलकूप का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस नलकूप हेतु भी0टी0 पंप का प्रावधान किया गया है। नलकूप का आकार छोटा होने के कारण इसमे भी0टी0 पंप का अधिष्ठापन संभव नहीं है। इस आलोक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि प्रावधानित जलप्रदायी क्षमता का सबमरसिबुल पंप का अधिष्ठापन इस नलकूप में किया जाय एवं इसका भुगतान संवेदक को नियमानुसार सक्षम पदाधिकारी से अनुमोदनोपरान्त क्लेम के माध्यम से किया जाय।

3. **<u>बाढ़ शहरी जलापूर्ति योजना</u>** – इस योजना की स्वीकृति नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपने ज्ञापांक–1239, दि0–17.05.13 द्वारा इस योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति राशि 991.11096 लाख रूपये पर दी है। योजना के कार्यान्वियन हेतु कार्यादेश दि0–04.03.14 को 977.832 लाख रूपये पर निर्गत किया गया है। संवेदक द्वारा एकरारनामा दि0–04.06.14 को किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 15 माह है। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि 991.11096 लाख रूपय नगर परिषद, बाढ़ को आवंटित किया जा चुका है। नगर परिषद, बाढ़ द्वारा अब तक आवंटित राशि में से 472.78 लाख रूपया कार्यकारी एजेन्सी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व को हस्तांतरित किया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता द्वारा अद्यतन व्यय 349.66 लाख रूपया प्रतिवेदित किया गया।

- यह योजना तीन जोन में बंटी है। प्रावधानित दोनों नलकूपो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। संवेदक द्वारा बताया गया कि प्रावधानित विभिन्न ब्यास के 47245 मीटर सी0आई0 पाईप के विरुद्ध 47080 मी0 सी0आई0 पाईप की आपूति की गई है, जिसमें 17836 मी0 पाईप बिछाई जा चुकी है एवं कार्य प्रगति में है। प्रावधानित तीन अदद जलमीनार (दो अदद नया निर्माण एवं एक अदद विशेष मरम्मति) में से एक अदद जलमीनार निर्माण (जगन्नाथन हाई स्कूल) हेतु स्कूल द्वारा स्थल पर जलमीनार निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं करने दिया जा रहा है। इस आलोक में कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि स्थल हेतु प्रस्ताव उचित माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराई जाय, ताकि इस हेतु मानव संसाधन विकास विभाग को अनुरोध किया जा सके। दूसरे स्थल पर कार्य ऑफिस रूम तक पूर्ण हो चुका है।

संवेदक द्वारा इस योजना के तीनो जोन में निम्न समय–सारणी के अनुसार जलापूर्ति चालू करने का आश्वासन दिया गया:–

| क्र0 | जोन | सीधी जलापूर्ति | जलमीनार के साथ |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जोन–1 | 15 अगस्त, 2015 | स्थल उपलब्ध नहीं |
| 2 | जोन–2 | 30 सितम्बर, 2015 | |
| 3 | जोन–3 | 30 सितम्बर, 2015 | 15 नवम्बर, 2015 |

4. <u>लखीसराय (काली पहाड़ी–लाली पहाड़ी) जलापूर्ति योजना</u> :–

- इस योजना की स्वीकृति नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपने ज्ञापांक–1238, दि0–17.05.13 द्वारा 350.36824 लाख रूपये पर दी है। योजना के कार्यान्वयन हेतु कार्यादेश दि0–25.09.13 को 350.848 लाख रूपये पर निर्गत किया गया है। संवेदक द्वारा एकरारनामा दि0–15.10.13 को किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 15 माह है, जो दिनांक–14.01.2015 को समाप्त हो गया।

- नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि 350.848 लाख रूपया नगर परिषद, लखीसराय को आवंटित किया जा चुका है। नगर परिषद, लखीसराय द्वारा आवंटित राशि 350.848 लाख रूपया में से 215.36824 लाख रूपया कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय को हस्तांतरित किया गय है। कार्यपालक अभियंता द्वारा अद्यतन व्यय 181.883 लाख रूपया प्रतिवेदित किया गया है।

- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रावधानित एक अदद नलकूप एवं पंप गृह का निर्माण कार्य अस्पताल परिसर में पूर्ण हो चुका है। प्रावधानित विभिन्न ब्यास के 7090 मीटर सी0आई0 पाईप की आपूर्ति की जा चुकी है। अब तक राइजिंग मेन 2000 मी0 के विरूद्ध 1100 मी0 एवं वितरण प्रणाली 5090 मी0 के विरूद्ध 4443 मी0 पाईप बिछाई जा चुकी है। प्रावधानित एक अदद 75000 गैलन क्षमता के जलमीनार एवं सम्प का निर्माण कार्य प्रगति में है। Pump and Motor का Conceptual Design Report (CDR) अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

संवेदक द्वारा बताया गया कि राइजिंग मेन बिछाने का कार्य 31 अगस्त, 2015 तक पूर्ण कर लिया जाएगा एवं दिसम्बर, 2015 तक योजना में प्रावधानित कार्यों को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जाएगी।

विशेष पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता को निम्नलिखित निदेश दिया गया :–

1.. जलापूर्ति केन्द्रों पर विद्युत संयोजन हेतु अभी से ही आवश्यक कार्रवाई की जाय।

3. योजना का प्रत्येक 15 दिनों पर अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

4. Pump and Motor का Conceptual Design Report (CDR) के अनुमोदन की कार्रवाई शीघ्र की जाय।

5. अवशेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु संवेदक से शपथ पत्र के साथ वर्क सिड्यूल प्राप्त किया जाय एवं इसकी प्रति मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

5. **लखीसराय (पुरानी बाजार) जलापूर्ति योजना** :–

- इस योजना की स्वीकृति नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपने ज्ञापांक–1237 दि0–17.05.13 द्वारा 408.749265 लाख रूपये पर दी है। योजना के कार्यान्वयन हेतु कार्यादेश दि0–25.09.13 को 408.9265 लाख रूपये पर निर्गत किया गया है। संवेदक द्वारा एकरारनामा दि0–15.10.13 को किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि 15 माह है, जो दिनांक–14.01.2015 को समाप्त हो गया।
- नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत राशि 408.749265 लाख रूपया नगर परिषद, लखीसराय को आवंटित किया जा चुका है। नगर परिषद, लखीसराय द्वारा आवंटित राशि 408.749265 लाख रूपया में से 358.49265 लाख रूपया कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय को हस्तांतरित किया गया है। कार्यपालक अभियंता द्वारा अद्यतन व्यय 237.222 लाख रूपया प्रतिवेदित किया गया है।
- यह योजना दो जोन में बंटी है। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, लखीसराय द्वारा बताया गया कि प्रावधानित दोनो नलकूपो एवं पंप गृह का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रावधानित विभिन्न ब्यास के लगभग 9775 मीटर सी0आई0 पाईप की आपूर्ति की गई है। जिसमे से अब तक 8867 मीटर पाईप बिछाई जा चुकी है। प्रावधानित दो अदद एक लाख गैलन क्षमता के जलमीनार निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है एवं कार्य प्रगति में है। साथ ही Pump and Motor का Conceptual Design Report (CDR) अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

संवेदक द्वारा बताया गया कि दिसम्बर, 2015 तक योजना में प्रावधानित कार्यो को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जाएगी।

विशेष पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता को निम्नलिखित निदेश दिया गया :–

1. जलापूर्ति केन्द्रों पर विद्युत संयोजन हेतु अभी से ही आवश्यक कार्रवाई की जाय।
2. योजना का प्रत्येक 15 दिनों पर अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
3. अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु संवेदक से शपथ पत्र के साथ वर्क सिड्यूल प्राप्त किया जाय एवं इसकी प्रति मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय।

17/8/15

(सतीश चन्द्र मिश्र)
विशेष पदाधिकारी

ज्ञापांक–7 / वि01–136 / 2014– 801 दिनांक– 18/8/2015

प्रतिलिपि–

ई मेल द्वारा

1. प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना / भागलपुर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पटना / बेगुसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4. कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पूर्व/लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. मुख्य अभियंता (ना0)/कार्यपालक अभियंता (मो0/मू0)/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0टी0 मैनेजर को निदेश है कि कार्यवाही की प्रति को विभागीय वेव–साईट पर अपलोड करें।

17/8/15

(सतीश चन्द्र मिश्र)
विशेष पदाधिकारी

ज्ञापांक– 801 दिनांक– 18/8/2015

प्रतिलिपि– 1. Ashoka Tubwell Boring Engineering & Construction Company, 7, Shivam Complex, Near- N.M. College, Daud Bigha, Kankarbagh Road, Panta-26,
2. M/s Construction and Construction, Ashiyana Nagar Road, Patna- 800025, e-mail- gyani786@yahoo.co.in को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/8/15

(सतीश चन्द्र मिश्र)
विशेष पदाधिकारी